Bharat Temples

कब आयेगा मेरा सांवरियां,
जाने कब आयेगा,
मुझे अपना बनायेगा,
मेरे आँसु पोंछकर,
मुझे गले लगायेगा।।

थक गये नैन मेरे,
रस्ता निहार के,
प्यासी प्यासी अखियों में,
सपने बहार के,
जीवन बन जायेगा,
जब कान्हा आयेगा,
मेरे आँसु पोंछकर,
मुझे गले लगायेगा।।

तुझसे उम्मीद मुझे,
तेरा ही सहारा रे,
निर्बल गरीब हूँ मैं,
कोई ना हमारा रे,
कब तक बहलायेगा,
कब तक तड़पायेगा,
मेरे आँसु पोंछकर,
मुझे गले लगायेगा।।

बनो ना कठोर थोड़ी,
दया से भी काम लौ,
आके कन्हैया मेरे,
दामन को थाम लौ,
संजू गुण गायेगा,
सेवक बन जायेगा,
मेरे आँसु पोंछकर,
मुझे गले लगायेगा।।

कब आयेगा मेरा सांवरियां,
जाने कब आयेगा,
मुझे अपना बनायेगा,
मेरे आँसु पोंछकर,
मुझे गले लगायेगा।।

Source: https://www.bharattemples.com/jaane-kab-ayegaa-mera-sanvariya/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw